**भारत में अंतर्राष्ट्रीय विद्वानों के लिए आईसीसीआर वाग्मिता प्रतियोगिता ('एलोक्यूशन कम्पीटीशन')**

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (आईसीसीआर) की स्थापना 1950 में भारत के विदेशी सांस्कृतिक संबंधों से जुड़ी नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने और कार्यान्वियन में सक्रिय रूप से भाग लेने; भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों और आपसी समझ को बढ़ावा देना और सुदृढ़ करना; अन्य देशों और लोगों के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना और अन्य राष्ट्रों के साथ संबंध विकसित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ की गई थी।

आईसीसीआर भारत में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह विदेशी नागरिकों को भारत के केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों और उच्चतर शिक्षा और उच्चतर शिक्षा के अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों में उच्च अध्ययन करने के लिए अनेक छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। आईसीसीआर विदेशी छात्रों/विद्वानों के लाभ के लिए नियमित रूप से भारत में क्रियाकलापों का आयोजन करता है।

आईसीसीआर ने भारत में अध्ययनरत विदेशी छात्रों के लिए "**वाग्मिता प्रतियोगिता (एलोक्यूशन कम्पीटीशन)**" आयोजित करता है।

**प्रतियोगिता का ब्योरा:**

**विषय-**

**1) वसुधैव कुटुम्बकम की प्रासंगिक अथवा विश्व को एक परिवार के रूप में मानना, राष्ट्रों के दृष्टिकोण से विश्व को एक परिवार के रूप में देखना।**

**2) बीसवीं शताब्दी के मध्य में उपनिवेशवाद के विरूद्ध वैश्विक लड़ाई को सुदृढ़ करने में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की भूमिका।**

**3) पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों का महत्व।**

**पात्रता** – कोई भी विदेशी छात्र (विदेशी पासपोर्ट धारक) वर्तमान में **स्नातकपूर्व स्तर** पर भारत में अध्ययनरत हो (कोई आयु सीमा नहीं) और वास्तव में भारत में मौजूद हो।

**पंजीकरण**- सभी पात्र व्यक्तियों के लिए नि:शुल्क (यथा उपर्युक्त)

**पंजीकरण की प्रक्रिया**: पंजीकरण, आईसीसीआर की वेबसाइट/ सोशल मीडिया हैंडल पर दिए गए लिंक पर किया जाएगा। सर्वप्रथम, होम पेज पर दिखाई दे रहे "रजिस्टर नॉओ" टैब पर

क्लिक करें और प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण करें। पंजीकरण करते हुए अभ्यर्थियों को अपनी सटीक और सही जानकारी भरनी होगी और अपेक्षित दस्तावेजों (फोटो, पासपोर्ट की प्रति, विश्वविद्यालय/ संस्थान/ अध्ययन के स्थान से प्राप्त 'बोनाफाइड' प्रमाणपत्र) को अपलोड करना होगा। यदि, बाद में विवरण गलत पाया जाता है, तो पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

**समय सीमा -**

पंजीकरण करने की प्रक्रिया **दिनांक 15 दिसम्बर, 2022** से आरंभ होगी और प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन पद्धति से **दिनांक 05 जनवरी, 2023** (1800 बजे, आईएसटी) तक ही स्वीकार की जाएंगी।

**वागमिता की भाषा** अंग्रेजी होगी। प्रतियोगिता का निर्णय आईसीसीआर द्वारा गठित विशेषज्ञ समितियों द्वारा किया जाएगा। समितियों का निर्णय अंतिम होगा और इस पर किसी भी प्रकार की पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

**प्रतियोगिता दो चरण में आयोजित की जाएगी-**

**प्रथम चरण के लिए तिथियां-** 15 से 30 जनवरी, 2023 (दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद, शिलांग, लखनऊ, पटना और जम्मू में स्थित आईसीसीआर अंचलीय/ उप-अंचलीय / क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा आयोजित की जाएगी)

**अंतिम चरण की तिथियां–** मेवाड़ विश्वविद्यालय में बाद में आयोजित की जाएंगी (तिथियों के संबंध में लघुसूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को अलग से सूचित किया जाएगा)।

**पहला चरण (चयन करने हेतु चरण) :** पहले चरण की मेजबानी दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद, शिलांग, लखनऊ, पटना और जम्मू (दिनांक 15 से 30 जनवरी, 2023 के दौरान) आईसीसीआर अंचलीय/ उप-अंचलीय / क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा की जाएगी। प्रथम चरण के लिए चुने गए प्रतिभागियों को अपने पहले चरण के लिए दिए गए स्थान, तिथि और समय पर वास्तविक रूप से उपस्थित होना होगा (भाग लेने वाले छात्र को अध्ययन के स्थान से पहले दौर की प्रतियोगिता के स्थान तक 3 टियर-एसी रेल किराया प्रदान किया जाएगा)। पंजीकरण करते समय उक्त केंद्रों में से किसी एक केन्द्र को अध्ययन के स्थान के

निकट चुना जाना चाहिए। यदि कोई विसंगति पाई जाती है तो रेल किराया प्रदान नहीं किया जाएगा। अंचलीय स्तर पर 'जूरी' अंतिम चरण के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेगी।

**द्वितीय चरण ('फाइनल राउंड') :** अंतिम चरण की प्रतियोगिता, फरवरी, 2023 के दौरान 10 से 12 लघुसूचीबद्ध किए गए प्रतियोगियों के साथ व्यक्तिगत रूप से आयोजित की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा उनकी भागीदारी के दौरान पूर्ण आतिथ्य प्रदान किया जाएगा।

प्रतिभागी को एक ही विषय (प्रथम चरण में चुने गए/ बोले गए विषय) पर 10 मिनट से अधिक समय तक बोलना होगा और 'जूरी', प्रतिभागियों से प्रश्न (विषय पर ही) पूछ सकती है और उन्हें सामने रखे गए बिंदुओं, उदाहरणों, विषयवस्तु, प्रस्तुति/ वक्तृत्व कौशल, विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास, तत्परता और प्रवाह जैसे आधारों पर आंका जाएगा।

**प्रथम/अंतिम चरण में, प्रतिभागियों को अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित के आधार पर आंका जाएगा**

- चुने हुए विषय की विषयवस्तु
- प्रस्तुति/ वक्तृत्व कौशल
- विचारों की स्पष्टता
- आत्मविश्वास और प्रवाह

**विजेताओं के लिए पुरस्कार:**

1) विजेता, रनर-अप तथा दूसरे रनर-अप को मेरिट प्रमाणपत्र

2) प्रत्येक अभ्यर्थी को भाग लेने का प्रमाणपत्र

3) नकद पुरस्कार-

(i) विजेता : 51,000/- रुपये (भारतीय रुपये)

(ii) रनर-अप: 30,000/- रुपये (भारतीय रुपये)

(iii) दूसरा रनर-अप: 20,000/- रुपये (भारतीय रुपये)

**अनुदेश और महत्वपूर्ण टिप्पण**

1. भाषा – केवल अंग्रेजी

2. कोई भी व्यक्ति एक पृष्ठ आदि से बिंदुओं का उल्लेख कर सकता है, लेकिन 'नोट्स' से पूरे भाषण को न पढ़ें।

3. धीरे-धीरे और स्पष्ट रूप से बोलें।

4. स्पष्टरूप से बोलें, आवाज सुनाई देनी चाहिए और तेज बोलें।

5. सभी निर्णायकों का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

6. सभी प्रतिभागियों के वीडियो का आईसीसीआर के सोशल मीडिया अकाऊंट में उपयोग किया जा सकता है।

7. पंजीकरण का समय दिनांक **15.12.2022** से **05.01.2023** तक है।

8. प्रथम चरण दिनांक 15 से 30 जनवरी, 2023 के बीच आयोजित किया जाएगा, इसलिए कृपया लिंक पेज को देखते रहें।

9. केवल प्रथम चरण से चयनित 10 से 12 प्रतिभागियों को अंतिम दौर के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

10. इस बात को पुनः दोहराया जाता है कि गठित की गई 'जूरी' /समिति का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी परिस्थिति में उससे संबंधित किसी भी पूछताछ/ पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

*******